केन्द्रीय आर्डनेंस डिपो, जबलपुर में पीतल स्क्रैप का भंडार

1337. **श्री राधाकिशन मालवीय :** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में जबलपुर स्थित केन्द्रीय आर्डनेंस डिपो में कितनी मात्रा में पीतल स्क्रैप का भंडार है तथा वह कितने समय से वहां पड़ा हुआ है ;

(ख) क्या यह सच है कि पूर्व में मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम की सिफारिश पर वह पीतल स्क्रैप जबलपुर डिपो से मध्य प्रदेश के लघु उद्योग को दिया जाता था ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने जबलपुर डिपो के अधिकार वापस ले लिये हैं तथा वे रक्षा मंत्रालय के एस०एस० डी०सी० द्वारा अपने अधिकार में ले लिये गये हैं ; और

(घ) यदि हां, तो इस प्रथा को बंद किये जाने के क्या कारण हैं ?

रक्षा मंत्री (श्री शरद पवार) : (क) केन्द्रीय आयुध डिपो, जबलपुर में विभिन्न सैन्य यूनिटों और विरचनाओं से समय-समय पर निपटान के लिए पीतल की कतरनें प्राप्त होती हैं । प्राप्त सूचना के अनुसार इस समय उक्त डिपो में पीतल की 116 मीट्रिक टन कतरनें निपटान के लिए पड़ी हुई हैं ।

(ख) जी, हां ।

(ग) और (घ) सरकार के पहले के अनुदेशों के अनुसार, डिपो प्राधिकारी पीतल की कतरनों का निपटान केन्द्रीय रूप से निर्धारित दरों पर संबंधित राज्यों के राज्य औद्योगिक विकास निगमों तथा राष्ट्रीय लघु औद्योगिक निगमों को करते थे ।

सरकार ने सेना के आयुध डिपुओं के पास पड़े हुए फालतू एवं पुराने सामान का समयबद्ध कार्यक्रम के अनुसार निपटान करने के लिए 27-4-91 से एक वर्ष की अवधि के लिए फालतू सामान निपटान संबंधी विशेष समिति का गठन किया है । आयुध डिपों में पड़ी हुई पीतल की कतरनों का अब इस समिति द्वारा राष्ट्रीय लघु उद्योग निगमों, राज्य लघु उद्योग विकास निगमों और आयुध निर्माणी बोर्ड को बेचा जा रहा है । यह जिम्मेदारी फालतू सामान निपटान संबंधी विशेष समिति को सौंपी गई है ताकि स्वीकार्य दरों पर तेजी से कतरनों का निपटान किया जा सके ।

Inclusion of SC/ST representatives in Selection Committees/Boards

1368. MAULANA OBAIDULLAH KHAN AZMI: Will the Minister of DEFENCE be pleas ed to state:

(a) whether the instructions issued in August, 1990 for inclusion of representa tives of SC/ST and minorities in the selection Committees/Boards has been implemented in his Ministry;

(b) if so, what are the details of such bodies and organisations in his Ministry where the instructions have been implemented;

(c) what are the names of the bodies where instructions have not been implemented so far along with the reasons therefor; and

(d) what steps are being taken by-Government?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI SHARAD PAWAR): (a) All the Organisations/Establishments under the Ministry of Defence were dub/ directed to implement the instructions in question.

(b) *to* (d) Information; is being collected and will be laid on the Table of the Rajya Sabha.